प्रीलिम्स फैक्ट्स: 07 सितंबर, 2018

इंडियन ओसियन वेव एक्सरसाइज़ 2018

हाल ही में भारत ने 23 अन्य देशों के साथ हिंद महासागर क्षेत्र में आयोजित सुनामी मॉक अभ्यास IOWave 18 (Indian Ocean Wave Exercise-IOWave) में भाग लिया।

- IOWave18 नामक इस अभ्यास का आयोजन यूनेस्को के अंतर-सरकारी समुद्र विज्ञान आयोग (IOC-UNESCO) द्वारा किया गया।
- IOWave18 सुनामी अभ्यास में सभी पूर्व तटीय राज्यों ने भाग लिया।
- भारत में IOWave18 का आयोजन गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) की मदद से भू-विज्ञान मंत्रालय के भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (Indian National Centre for Ocean Information Services -INCOIS), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) और तटवर्ती राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा किया गया।
- इस दो दिवसीय सुनामी मॉक अभ्यास में सभी तटवर्ती राज्यों ने INCOIS से सूचना बुलेटिन हासिल करते हुए अपनी संचार व्यवस्था का परीक्षण किया।
- NDMA के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. नाइक ने अभ्यास में पर्यवेक्षक के रूप में काम किया।

IOC-UNESCO

- यूनेस्को का अंतर-सरकारी समुद्र विज्ञान आयोग (Intergovernmental Oceanographic Commission of UNESCO- IOC-UNESCO) संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत समुद्री विज्ञान के प्रति समर्पित एकमात्र सक्षम संगठन है।
- इसकी स्थापना 1960 में यूनेस्को के कार्यकारी स्वायत्त निकाय के रूप में की गई थी।
- इसने 26 दिसंबर, 2014 को आई सुनामी के बाद भारतीय समुद्र सुनामी चेतावनी और शमन व्यवस्था (Indian Ocean Tsunami Warning and Mitigation System- IOTWMS) की स्थापना में मदद की थी।

INCOIS

- INCOIS की स्थापना वर्ष 1999 में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय के रूप में की गई थी और यह पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संगठन (ESSO) की एक इकाई है।

सोर्स इंडिया

तुर्की में 87वें इज़मीर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है तथा भारत इस व्यापार मेले में एक बड़ा बिज़नेस पैवेलियन 'सोर्स इंडिया' लॉन्च करेगा।

- भारत इस अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का साझेदार देश है।
- इज़मीर इंस्ताबुल और अंकारा के बाद तुर्की का तीसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर है।
- सोर्स इंडिया के माध्यम से भारत की 75 कंपनियाँ तुर्की और अन्य पड़ोसी देशों के साथ भारत का निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से मेल-जोल बढ़ाएंगी।
- यह सोर्स इंडिया पैवेलियन की एक श्रृंखला है जिसे भारत व्यापार संवर्द्धन परिषद (Trade Promotion Council of India- TPCI) द्वारा दुनिया भर के महत्त्वपूर्ण व्यापार मेलों में आयोजित किया जा रहा है।
- इसका उद्देश्य भारत के निर्यात को बढ़ावा देना है।

TPCI

- TPCI, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में वाणिज्य विभाग का व्यापार एवं निवेश संवर्द्धन संगठन है।

- यह भारत और दुनिया के अन्य देशों के बीच व्यापार और निवेश में सहयोग के नए रास्ते तलाशने का काम करता है।

'आपूर्ति'

हाल ही में रेल मंत्रालय और रेल सूचना सेवा केंद्र ने 'मोबिलिटी के लिये सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया तथा इस दौरान भारतीय रेल ई-खरीद प्रणाली (Indian Railways E-Procurement System -IREPS) से संबंधित मोबाइल 'आपूर्ति' को लॉन्च किया गया।

- इस एप में भारतीय रेल की ई-संविदा और ई-नीलामी संबंधी गतिविधियों के आँकड़े और सूचनाएं उपलब्ध हैं।
- उपयोगकर्त्ता ई-संविदा गतिविधियों के लिये संविदाओं के प्रकाशन, उनके समापन और खरीद संबंधी जानकारी इस एप के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।
- इस एप के द्वारा स्क्रैप की बिक्री संबंधी ई-नीलामी गतिविधियों के लिये उपयोगकर्त्ताओं को आगामी नीलामी, नीलामी कार्यक्रम, बिक्री शर्तों, ई-नीलामी के लिये उपलब्ध सामग्रियों और नीलामी इकाइयों की जानकारी मिल सकेगी।
- IREPS की विवरणिका भी एप पर उपलब्ध है।
- एप में उपयोगकर्त्ताओं के फीडबैक की भी जानकारी मिलेगी, जिससे एप में लगातार सुधार करने में सहायक होगा।

मूव- ग्लोबल मोबिलिटी शिखर सम्मेलन

'मूव- ग्लोबल मोबिलिटी शिखर सम्मेलन' का आयोजन नीतिआयोग द्वारा विभिन्न मंत्रालयों व उद्योग जगत के सहयोग से नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में किया जा रहा है।

- यह अपनी तरह का पहला मोबिलिटी शिखर सम्मेलन है जिसमें पूरी दुनिया के राजनेता, उद्योगपति, शोध संस्थान, शिक्षा जगत और सिविल सोसायटी के प्रतिनिधि भाग लेंगे।
- सम्मेलन के तीन प्रमुख घटक हैं – सम्मेलन, प्रदर्शनी और विशेष कार्यक्रम।
- सम्मेलन के दौरान आपसी परिचर्चा और विचार-विमर्श के लिये सम्मेलन में छह प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है जो इस प्रकार हैं:
  1. परिसंपत्ति का अधिकतम उपयोग
  2. व्यापक विद्युतीकरण
  3. वैकल्पिक ऊर्जा
  4 .सार्वजनिक पारगमन सुविधा पर विचार करना
  5. माल परिवहन
  6. आँकड़ों का विश्लेषण और मोबिलिटी।

'भारत के वीर'

गृह मंत्रालय ने अभिनेता अक्षय कुमार द्वारा प्रचारित एक निजी पहल 'भारत के वीर' जो शहीद हुए अर्धसैनिक कर्मियों के परिवारों को सहायता प्रदान करता है, को ट्रस्ट के रूप में मान्यता दे दी है।

- भारत के वीर में किये जाने वाले योगदान को आयकर से छूट प्रदान की गई है।
- इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव करेंगे।
- अभिनेता अक्षय कुमार और पूर्व राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियन पुलेला गोपीचंद को इसके ट्रस्टी के रूप में शामिल किया गया है।
- आम जनता 'भारत के वीर' एप और वेबसाइट के माध्यम से मरने वाले जवानों के परिवारों को सहायता प्रदान करने में योगदान दे सकती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-07-09-2018